संजौली महाविद्यालय में कला संकाय के परिचय सत्र के साथ हुआ दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का समापन

आज 17 जुलाई 2025 को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस राजकीय महाविद्यालय संजौली में कला संकाय के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए प्रधानाचार्या का संबोधन और इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को महाविद्यालयीन जीवन की बारीकियों से अवगत कराना और सत्र की औपचारिक शुरुआत करना था। 16 जुलाई को बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए और बी.वोक प्रथम वर्ष के छात्रों का परिचय सत्र हुआ था।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मोना शर्मा के स्वागत भाषण एवं उनके द्वारा शिक्षकों के परिचय के साथ हुई। प्राचार्या प्रोफेसर भारती भागड़ा ने अपने उद्बोधन में छात्रों को सफलता के मूल मंत्र - अनुशासन, परिश्रम और उच्च आदर्शों के पालन पर बल दिया। उन्होंने छात्र जीवन मे महाविद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला जो छात्रों के कैरियर निर्माण और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्रोफेसर विक्रम भारद्वाज ने छात्रों को पाठ्यक्रम संरचना और परीक्षा पैटर्न के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में बताया जो योग्य और जरूरतमंद छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। प्रो. दीपक कप्रेट ने एनसीसी, एनएसएस और रेंजर्स एंड रोवर्स जैसी गतिविधियों के बारे में बताया जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। प्रो. हिमानी सक्सेना ने स्टूडेंट मेंटरशिप कार्यक्रम की जानकारी दी जो छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसके अलावा डॉ. मदन शांडिल ने महाविद्यालय के विभिन्न क्लबों और सोसायटी के बारे में जानकारी दी जो छात्रों की रचनात्मकता और कौशल को निखारने में सहायक होती हैं। डॉ. राकेश शर्मा ने महाविद्यालय की शिकायत निवारण प्रणाली के बारे में बताया और डॉ. शिवानी खत्री ने महिला सेल की भूमिका और इसके द्वारा महिला मुद्दों के समाधान के तरीकों पर प्रकाश डाला। डॉ. अनुपम वर्मा ने एड-ऑन पाठ्यक्रम और एनएसएस गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के छात्रों और संबंधित शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर छात्रों को महाविद्यालयीन जीवन के विविध आयामों से परिचित कराकर उनके कैरियर और व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया गया।

Centre of Excellence
GOVT. COLLEGE SANJAULI, SHIMLA-171006
INDUCTION
Session:2025-26
Welcomes
You
ADIEU
HAPPY TEACHERS' DAY